# भूखा किसान




# भूखा किसान



किसान के घर में डबलरोटी नहीं थी.

“मैं स्टोर से उसे खरीदकर लाऊंगा,” उसने कहा.






लेकिन स्टोर में डबलरोटी नहीं थी.

"आज ट्रक नहीं आया," स्टोर वाले ने कहा.

"इसलिए डबलरोटी नहीं आई."





"मैं ट्रक वाले के पास जाऊंगा," किसान ने कहा.



लेकिन ट्रक में डबलरोटी नहीं थी.




ट्रक ड्राइवर ने कहा, "आज बेकरी बंद थी.
इसलिए डबलरोटी नहीं मिली."

"मैं बेकरी में जाऊंगा," किसान ने कहा.






लेकिन बेकरी में

डबलरोटी नहीं थी.



"आटा ही नहीं है," बेकर ने कहा.
"इसलिए डबलरोटी नहीं बनाई."







"मैं चक्की पर जाऊंगा," किसान ने कहा.

लेकिन चक्की में आटा नहीं था.




"गेहूं ही नहीं है," चक्की वाले ने कहा. "आटा कैसे पीसूं?"

"मैं खेत पर जाऊंगा," किसान ने कहा.



लेकिन खेत में गेहूं नहीं था.



"धत्तेरे की!" किसान ने कहा.  "मुझे अपना काम मुस्तैदी से करना होगा, नहीं तो किसी को डबलरोटी नहीं मिलेगी!”





समाप्त